# तेरा चेहरा नज़र आये | by Hemant Aggarwal

खाटू की गलियों में मेरा डेरा बस जाए
जब जब पलकें खोलूं तेरा चेहरा नज़र आये

तेरी चाहत में ओ श्याम पागल से बन जाएँ
मेरे श्याम ...........मेरे श्याम
तेरी चाहत में ओ श्याम पागल से बन जाएँ
मन में विश्वास लिए तेरे भजनो को गायें
तू खुश हो जाए तो मेरा मन भी खिल जाए
जब जब पलकें खोलूं तेरा चेहरा नज़र आये

तू बैठा मंदिर में हर पल ही मुस्काये
मेरे श्याम ...........मेरे श्याम
तू बैठा मंदिर में हर पल ही मुस्काये
तेरी मोरछड़ी बाबा भगतों पर लहराए
नीले की टप टप भी मीठी सी सुन जाए
जब जब पलकें खोलूं तेरा चेहरा नज़र आये

दर दर से भटक कर जो खाटू में आ जाएँ
मेरे श्याम .........मेरे श्याम
दर दर से भटक कर जो खाटू में आ जाएँ
किस्मत अगर बिगड़ी हो पल भर में संवर जाए
हेमंत के भावों को फ़ुर्सत से तू सुन जाए
प्रिया के भावो को फ़ुर्सत से तू सुन जाए
जब जब पलकें खोलूं तेरा चेहरा नज़र आये

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%9a%e0%a5%87%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%b0-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%87-by-hemant-aggarwal/